शास्त्री जी-हंसते हुए-मैंने तो अपना लेखन कार्य जब में अभी कोई ग्यारह वर्ष का था तभी प्रारम्भ कर दिया था। साढ़े ग्यारह वर्ष की अवस्था में मेरी पहली कविता प्रकाशित हो चुकी थी। तब उन दिनों जयपुर से एक संस्कृत पत्रिका निकलती थी। 'संस्कृत रत्नाकर'नाम की थी उसके यशस्वी सम्पादक थे महामहोपाध्याय भट्ट मथुरानाथ शास्त्री। उन्होंने सम्पादकीय टिप्पणी में कविता के शीर्षक के नीचे लिखा यह कविता एक साढ़े ग्यारह या बारह वर्ष के बालक ने लिखी है। और उस पत्रिका में कविता का स्थान पा जाना बहुत बड़ी बात थी। उस अवस्था में, इतनी कम उम्र में भी मैंने एक पद्य लिखा। जो पद्य की रचना की, तो वो मत्तमयूर छन्द में थी। और मत्तमूयरों का वर्णन मैंने किया उसमें। मैं सुनाता हूं आपको। **रम्य रम्य सब प्रबदम काममू अटन्तू मननद्धवान विक्क्ष पयोदान दिव्ययान नर्तम नर्तम चारू कलाहपाह मुदमाहपा.........' (संस्कृत श्लोक 21.20 से 21.36 तक सीडी टाइम)** मत्त मयूर छन्द है। और इसमें मत्त मयूरों का वर्णन भी है। इसमें एक अलंकार है जिसे मुद्रालंकार कहा जाता है। जब में थाईलैंड में गया तो मैंने एक लघु काव्य की रचना की थी। प्रसंग यह है कि मैं एक दिन वहां नेशनल लाइब्रेरी में गया। तो वहां जो स्क्रीप्ट डिविजन के हैड थे। मुझे अभी भी उनका नाम याद है। (...दीपयन सोमी)। तो मैंने उनसे कहा कि आपके यहां ग्रन्थ संग्रह में कोई थाई देश पर कोई ग्रन्थ है। चाहे वो मुद्रित रूप में या पाण्डुलिपि

रूप में। तब उन्होंने कहा कि नहीं, हमारे यहां नहीं है। तब उन्होंने कुछ मुस्कराकर कहा। वाई डोंट सूड राइट वन। मैं उनसे मिलकर के घर वापस आया तो मैंने उसी दिन मैंने पांच पद्यों की रचना की। और दूसरे दिन कक्षा थी। थाईदेश में मैंने वहां की महाराजकुमारी को पढ़ाया। तो वहां कि यह स्थिति है कि दो घंटे तक कक्षा चलती है। नौ से ग्यारह, ग्यारह से एक। इस तरह से। हमारे यहां की तरह पीरियड नहीं हैं वो पैंतालीस मिनट का, पचास मिनट का। अब दो घंटे तक लगातार कक्षा चलेगी तो निश्चित ही है पढ़ाने वाला थकेगा नहीं थकेगा। लेकिन विद्यार्थी अवश्य थक जाएगा। उसको अपने विषय को भी समझना है। भाषा को भी समझना है। तो जब कक्षा समाप्त हुई तो मैंने महाराजकुमारी से कहा 'यदि आप थकी न हों, मैंने आपके देश पर पांच पद्यों की रचना की है। आपको सुनाना चाहता हूं। कहा आप सुनाइए। मैंने उसमें से कुछ पद्य सुनाए उनको। तो उनमें से एक-दो यहां भी सुनाता हूं। पहला ही पद उसका इस तरह का है। **'आग्नेय भूमण्डल मध्यवर्ती परम समृद्धेय परम.....' (संस्कृत श्लोक 23.35 से 23.46 तक सीडी टाइम)** तो आग्नेय शब्द का मैंने प्रयोग किया है यहां पर। तो आग्नेय दक्षिण-पूर्व के लिए है। वहां पर जो है आखनेय शब्द चलता है। दक्षिण-पूर्व एशिया तो हमारे यहां है। यदि आपको वहां पर कहना हो कि साउथ स्टेट एशिया तो थाई भाषा में कहेंगे 'आशिया आंखनेय'। आशिया एशिया के लिए है। आंखनेय आग्नेय शब्द है। यहां आग्नेय शब्द का प्रयोग करें तो कोई समझेगा ही नहीं। दिमाग से ऊपर निकल जाएगा। दिशावाची जितने भी शब्द हैं वहां वो सब संस्कृत के हैं। जैसे पूर्व दिशा है तो पुरवाहे, पश्चिम है तो प्रतीम, दक्षिण है थकसीन, उत्तर है तो उदौन। इसी तरह से दिग्न्तराल हैं उनके लिए भी वहां संस्कृत का ही शब्द हैं। दक्षिण पूर्व के लिए मैंने बताया अभी आग्नेय शब्द है। इसी तरह उत्तर पूर्व कहना, नॉर्थ ईस्ट कहना तो ईशान शब्द है। जो यहां प्रयुक्त होता है। तो ये स स्कृत का एक बड़ा विशाल व्यापक क्षेत्र है। संस्कृत ने प्रभावित किया है। देश-देशान्तों की भाषा को प्रभावित किया है। इतना ही नहीं मैं आपको एक बात और बताने जा रहा हूं कि, संस्कृत ने तो एक देश को अपना नाम ही दे दिया। नगरों की तो बात ही अलग है। वो तो अभी चर्चा करेंगे ही। एक देश को नाम दे दिया। जब भारतीय यहां से गए। तो वहां जाकर के एक देश में अपना एक शिविर बना लिया। एक कैंप बनाया। वहां रहने लगे। और बाद में उस देश का नाम ही शिविर पड़ गया। 'साईबेरिया'। साईबेरिया विशुद्ध संस्कृत शब्द है। शिबिर, शिविर है।

एंकर-आपने रामायण भी लिखी है। आप साउथ ईस्ट एशिया गए हैं। तो किस तरीके से हमारी संस्कृति ने और देशों को प्रभावित किया है?

शास्त्री जी-थाईदेश में मैंने बहुत वर्ष बिताए। वहां रहते-रहते मैं आसपास के देशों में भी गया। वो थाई देश में मैंने जो संस्कृत बीलक शब्दावलि को साक्षात किया। वो उस समय अभिभूत हो गया। और मेरे जीवन का एक लक्ष्य बन गया। दक्षिण-पूर्वी एशिया संस्कृत मूलक शब्दावलि। एक विशाल ग्रन्थ की मैंने रचना की है। लगभग सात सौ बीस पृष्ठ का ए फोर साइज का वो ग्रन्थ है। यानी **'संस्कृत पेस वर्ल्ड.....साउथ ईस्ट एशिया'**। चकित हो जाता है व्यक्ति देखकर वहां कैसे संस्कृत भाषा समाई हुई है। भारतीय संस्कृति समाई हुई है। एक संस्मरण यहां प्रस्तुत करना चाहता हूं। जब मैं वहां पहुंचा ही पहुंचा था। तो वहां के राज्य परिवार की उन्हें भी वहां राजकुमारी-प्रिंसेज ही कहा जाता है। एक दिन उन्होंने एक संध्या के लिए निमंत्रित किया। जलपान आदि के लिए। तो जब जलपान का कार्यक्रम समाप्त हो गया तो प्रोसर कम लैट मी शो यू माई प्लैस। तो वो प्लेस मुझे दिखाने के लिए ले गईं। वो एक दीवार पर कोई लिपि अंकित थी। मैंने कहा रॉयल हैने वॉट इज दिस। तो कहने लगीं मुझे पता नहीं क्या है ये बहुत समय से है यी। इस्डकाईव है क्या है। तब मैंने थाईलैंड की प्राचीन लिपियों को सीखना प्रारम्भ किया। तो मैंने पढ़ने का प्रयास किया। तो एक नवशिक्षित व्यक्ति सी एक-एक अक्षर को पहले पढ़ता। फिर किसी शब्द तक पहुंच रहा है। तो जब मैंने पढ़ा तो

उसमें लिखा हुआ था 'ओम सिद्धम'। तो मैंने कहा ये शुद्ध संस्कृत है। पाली नहीं है।
एंकर-तो वहां लिपि डिफरेंस थी। लेकिन जो शब्द था वो संस्कृत का था।
शास्त्री जी-यहां भारत में भी विभिन्न लिपियों का संस्कृत के लेखन में प्रयोग होता रहा है। तेलगु लिपि में भी संस्कृत लिखी जाती है, बंगाल में बंगला लिपि में संस्कृत लिखी जाती है, उड़ीया में उड़ीया लिपि में संस्कृत लिखी जाती है। क्योंकि वो तो लिपि है। भाषा तो अलग है। लेकिन बीस के बाद मैं फिर गया वहां। मैंने उसका इम्प्रेसन लिया। वो एक संस्कृत का अभिलेख निकला। बाद में उसको पढ़ा। बाद में उसका संस्करण सम्पादन करके प्रकाशित भी किया। तब मेरे मन में यह बात आई। मैंने कहा कि यदि बैकॉक जैसे नगर में जिसका बहुत पुराना इतिहास नहीं है। उसमें यदि संस्कृत का एक अभिलेख मिल सकता है। तो सम्पूर्ण देश में कितने ही अभिलेख होंगे। तो मैं निकल पड़ा उस यात्रा पर।
एंकर-तो जो संस्कृत वहां पर गई। तो वह भारत से गई। किस तरीके से या क्या माध्यम था उसका?
शास्त्री जी-भारत से गई। भारत से ही लोग, यहां से अपने देश से ही बाहर गए। वहां जाकर के उन्होंने अपना धर्म, अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता सबका प्रचार किया। और वहां के देशों ने उसे पूरी तरह अपना लिया। हम लोग कहते है जो हमारे संस्कृत के शब्द हैं, वो अब थाई शब्द हैं, कंबोडियन शब्द हैं, अब वो लाओ शब्द हैं। उनकी भाषा के अभिन्न अंग हैं वो। वहीं स्थिति थी। फिर मैंने कहा कि एक बौद्धिक यात्रा पर निकले पड़ा। उसके हर हिस्से में गया। गांवों में गया, देहातों में गया। जहां मुझे पता चलता कि यहां कोई इसक्रिप्सन है। फिर मैं उसे पढ़ता। यदि वो संस्कृत में होता तो उसकी प्रतिलिपि बना लेता। और करते करते मेरे पास बहुत बड़ा संग्रह थाई देश के संस्कृत अभिलेखों का अब मैंने उसे बाद में पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया। **'संस्कृत इंसक्रिप्सन ऑफ थाईलैंड'।**
एंकर-तो कितने पुराने हैं ये?
शास्त्री जी-बहुत पुराने हैं ये। और इतने सुन्दर ललित संस्कृत में लिखे हुए हैं आनन्द आ जाता है। एक अभिलेख का मंगलाचरण पद्य मैं आपको सुनाता हूं। 'नमः शिवाय: **तस्तु शिवाय: योयम, नमः शिवाय: तस्तु शिवाय योयम शंके शशांका सूर्य नेत्र उष्णत्व, शीतत्व समत्व शुशीव शिषे विभक्तः बुध जन्यो जातामु।' (30.6)** इसमें यह कहा गया है। '**नमः शिवाय: तस्तु शिवाय: योयम शंके शशांका सूर्य नेत्र**.' इसमें उत्प्रेक्षा कवि जो है कल्पना करता है कि, भगवान ने, शिव ने अपने सिर पर गंगा को क्यों धारण किया? तो कहा कि, भगवान के तो तीन नेत्र हैं। शशांक, अनल और सूर्य। ये तीन नेत्र एक-एक का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक जो है वह शशांक चन्द्रमा का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरा जो बीच वाला है, वो अनल अग्नि का प्रतिनिधित्व करता है,और जो तीसरा है, वो सूर्य का प्रतिनिधित्व करता है। अच्छा इनमे से दो जो हैं,वो तो उष्ण हैं,घर में यूँ कहिए एक अनल और एक अग्नि और एक सूर्य और एक होगा शशांक,तो वो शीतल है। तो दोनों में संतुलन नहीं रहा,तो कदाचित संतुलन स्थापित करने के लिए भगवान ने गंगा को अपने सिर पर धारण किया। **उष्णत्व शीतत्व समपत्वं इफ्सह्** उसकी इच्छा से है।
एंकर-बहुत सुंदर है,इतना-इतनी खूबसूरती से उन्होंने उसका कारण बताया,और बहुत ही।
शास्त्री जी-और भी श्लोक है,ये थाई देश के एक संस्कृत अभिलेख का है,भारत का नहीं है।
एंकर-तो ये मतलब भारतीय संस्कृति का पूरा-पूरा प्रभाव जो है,वो थाईलैंड में है।
शास्त्री जी-थाईलैंड में अभी कम्बोडियां में।
एंकर-कम्बोडियां में कम्बोडियां में भी काफ़ी शिलालेख काफ़ी।

शास्त्री जी-बहुत हैं बहुत हैं।

एंकर-काफी सारी रॉक।

शास्त्री जी-बहुत है, बहुत है,इस तरह से लाओस में लाओस में, एक तो शब्दावली में भी है, बहुत से संस्कृत के शब्द हैं,थाई देश में भी देखिए, ये सारे जितने भी देश है, प्रचुर मात्रा में संस्कृत की शब्दावली है। जब मैंने वहां पर थाई धरा पर पांव रखा तो, आधी रात का समय था, जब हमारी फ्लाइट पहुंची, वो वहां एक व्यक्ति भारतीय दूतावास का आया मेरे पास, आकर के मुझे एक एनवलप दे गया, तो उसमें उस होटल का नाम लिखा, बाकायदा जिसमें मेरी व्यवस्था की गई थी, रहने की, और कुछ थाई करेंसी भी थी, अच्छा जब हम होटल पर पहुंचे तो, वहां पर रोमन केरेक्टर्स में लिखा हुआथा, एस ए के ओ एल, सकोल, सकला, मैंने कहा ये सकल शब्द संस्कृत का है।

एंकर-संस्कृत का है, सकल मीन्स सम्पूर्ण।

शास्त्री जी-वो मेरा प्रथम परिचय था, थाई भाषा में।

एंकर-संस्कृत से।

शास्त्री जी-संस्कृत का, और वहां से फिर तो मैं काम करने लग गया, तो मेरे जीवन का एक अध्ययन का विषय बन गया, पहले तो थाई देश के संस्कृत पुरे शब्दावली और फिर सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व एशिया के भाषाओं की शब्दावली मैंने वर्षो परिश्रम किया इसमें।

एंकर-आपने रामायण पर भी बहुत कुछ लिखा है, तो रामायण का क्या प्रभाव है?

शास्त्री जी-हां रामायण पर भी,रामायण तो आजकल मेरा जो एक प्रोजेक्ट चल रहा है, वो प्रोजेक्ट इसी पर है, रामायण इन साउथ एशियाँ, वो अनेक भागों में प्रकाशित होगा, सात भागों में होगा।

एंकर-तो जो रामायण है,वो मूलरूप से जो भारत में रामायण लिखी।

शास्त्री जी-उससे बहुत भिन्न है।

एंकर-उससे बहुत भिन्न है, बहुत भिन्न है, नहीं नहीं मूल जहाँ तक ये समझते है?

एंकर-तो उसमें वो भिन्नता का कारण क्या है? मतलब।

शास्त्री जी-देखिए, जो एक द कर्नल ऑफ़स्टोरी हम कह सकते है, वो तो वही है,जो भारत में है, उसके साथ कितने आख्यान, उपाख्यान, उसके साथ आकर सम्मिलित हो जाते है।

एंकर-तो आख्यान,उपाख्यान उनके अपने देश के।

शास्त्री जी-ये बहुत है,वो उनके भी मूल जो है, मैंने वहां पर भारत में ही तरास किए है।

एंकर-अच्छा उसके वो भारत में ही है।

शास्त्री जी-जो विद्वान समझते है, यही है कि ये शायद स्थानीय लोगो की देन है।

मैंने उनके मूल को अपने विस्तृत अध्ययन के द्वारा जो है,वो भारत में तलाश कर लिया, अधिकांश को तलाश कर लिया।

एंकर-तो वो जो आख्यान उसमें जोड़े गए है, उसका जो मूल है,वो भारत से।

शास्त्री जी-भारत से ही मैंने तलाश किया, जिसको आज तक किसी ने किया,नहीं ये पहली बार मैंने काम किया है।

एंकर-उसका जो मूल उसकी उसमें जो स्टोरी है, वो हमारे लोक कथाओ में भी है, जो जैन और बौद्ध ग्रंथो में भी

मिलते है।

शास्त्री जी-उन सबकी धाराए आकर के जो है, इस तरह राम कथा में सम्मिलित हो गई, उसका एक बड़ा विशाल और व्यापक स्वरूप बन गया।

एंकर-तो इस तरीके से वहां पर रामायण का रूप जो है वो, और भी ज्यादा विस्तृत और विशाल बन गया।

शास्त्री जी-विशाल हो गया, एक दिन की बात है,कि मे कही जा रहा था रास्ते में, तो दो थाई आपस में बात कर रहे थे, तो वहां फुकेत नाम का स्थान है, वो भी विशेष संस्कृत का ही शब्द है। वो फुकेत बहुत लोग जाते है,वहां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, वो तो फुकेत क्या है? ये भू क्षेत्र वहां भ को फ की तरह से उच्चारण करते है, केत क्षेत्र भू क्षेत्र आइलैंड, तो ये देखिए, ये जब रहस्य सामने आता है, तो एक इतना उल्लास मन में होता है,और अपने उन भारतीय मनीषियों का हम स्मरण करते है, और शत शत नमन करते है कि, जिन्होंने उन बीते युगों में जबकि जाना वहां बहुत कठिन था, अपने देश से गए, वहां बसे, और वहां अपनी संस्कृति का प्रचार प्रसार सर्वत्र कर दिया। कम्बोडिया के विषय में तो सुप्रसिद्ध है कि, कौण्डिन्य नाम का एक ब्राह्मण था, वो भारत गया, वह अकेले ही चल पड़ा तो, उसको कहा जाता है, दंत कथा है कि उसको एक स्वप्न आया कि तुने विदेश में जाना है,और और वहां रहना है,तो वो अपने देश से चल पड़ा, कम्बोडिया पहुंचे, कम्बोडिया पहुँच गया तो वहां।

एंकर-कम्बोडिया में उनका सुनियोजित कार्यक्रम था,या वो कम्बोडिया पहुंच गए अपने आप?

शास्त्री जी-अपने आप पहुंच गया, कोई किसी की सहायता नहीं, वो अकेला ब्राह्मण निकल पड़ा वहां से, राजकुमारी से उसका विवाह हुआ, विवाह होने पर जो है वो, एक राजा बन गया, और वहां पर उसने भारतीय संस्कृति का प्रचार कर दिया,और उसके माध्यम से, पर आस पास के देशों में भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार हुआ।

एंकर-बुद्धिजम, जैनिजम की उसकी भी जो स्कप्चर है,वो संस्कृत में लिखे गए है, वो उस तरीके से तिब्बत में,और भी चाइना में,अभी बहुत सारे देशों में संस्कृत का प्रचार, वहां पर भी हुआ है। यहां से वहां गए है, वहां भी संस्कृत हमें देखने के लिए मिलती है, सुनने को मिलती है, इसके साथ में यूरोप में के भी जो कुछ देश है, उनके स्कूलों में संस्कृत पढ़ाई जाती है, आज भी पढ़ाई जाती है,और उसके पीछे कारण ये बताया जाता है कि, अगर स्टूडेंट संस्कृत का अध्ययन करेंगे, तो उनके अध्यन से उनमे सिखने की क्षमता जो है,वो बढ़ जाएगी,शायद उसमें जो संस्कृत की जो ध्वनि होती है, साउंड होती है,उसकी फोनेटिक, या उसका जो ग्रामर होता है, वो इतना साउंड है, इतना परफेक्ट है, और उसका जो सिस्टम है,वो इतना यूनिक है कि, वो आपको एक बहुत सॉलिड बेस देता है कि, आप और भाषाएं भी और जल्दी सिख सकते है, इस तरह संस्कृत वहां पर काफी अभी भी। शास्त्री जी-नहीं संस्कृत वहां बहुत है, जर्मनी में बहुत काम हुआ है, संस्कृत में, और भी देशों में बहुत लोगों ने विद्वानों ने अपना जीवन लगा दिया।

एंकर-आपने भी कुछ यूनिवर्सिटी में वहां विजिट किया है।

शास्त्री जी-मैंने पढ़ाया है मैंने एक तो बेल्जियम में मैंने पढ़ाया था। वहां पर कैथोलिक यूनिवर्सिटी लिव इन में,ब्रसल के पास ही है तो,वहां मैंने एक वर्ष बिताया, और एक वर्ष मैं टीबिन जर्मनी में था, तो वहां के लोगों में मैंने बहुत संस्कृत के प्रति जागरूकता देखि, और एक उत्सुकता भी है लोगों में, वहां का जो पुस्तकालय है, वो बहुत विशाल है, ट्रोबिन विश्वविद्यालय का बड़ा समृद्ध पुस्तकालय है।

एंकर-उसमें संस्कृत की पुस्तकें बहुत हैं।

शास्त्री जी-बहुत है भारी संख्या में है।

एंकर-भारी संख्या में है लोग पढ़ते है।

शास्त्री जी-वहां के जो गवर्नर है,उन्होंने बहुत काम किया है, एक शब्दकोष,जो उन्होंने लिखा है,संकलन किया, वो वृतबुक कहलाता है। उसमें संस्कृत-जर्मन डिक्शनरी है,दो विद्वान थे,जर्मनी के बॉटलिंग और रोर्थ, उन्होंने वो कोष का निर्माण किया था, विदेश में संकलित किये जाने वाला सस्कृत का पहला कोष था, वो फिर उसके बाद विलियम्स ने बहुत बड़ा काम किया,वैदिक व्याकरण लिखा है मैकडोनल ने, जिसका मैंने हिंदी में अनुवाद किया,और उस अनुवाद के सन्दर्भ में मुझे ग्रीक भाषा भी सीखनी पड़ी। क्योंकि पेराग्राफ ऑफ द पेराग्राफ, वो मैकडोनल ने ग्रीक भाषा में ग्रीक लिपि में लिखी थी, मैं तब दिल्ली विश्वविधालय में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष था, उन्ही दिनों में एक स्पेन से विद्वान आए,यहां स्पेनिश भाषा पढ़ाने के लिए,एंटोनी उनका नाम था, तो उनकी संस्कृत में रूचि थी, तो वो मेरे पास आए मिलने के लिए, कहने लगे कि, मैं संस्कृत पढ़ना चाहता हूँ, तो मैंने उनसे कहा की मेरी एक शर्त है,मैंने कहा की आप मुझे ग्रीक सीखा दीजिए, ग्रीक पढ़ा दीजिए, वो वहां पर जो क्लासिकल लैंग्वेज का सीखना अनिवार्य है, जो भी कोई भाषा का अध्यापक है, क्योंकि हमारे यहाँ है, जो तीन तरीके है भाषा को सिखने के लिए, ज्ञान प्राप्त करने के लिए, तो मैंने कहा, गुरु सुसया विधा, गुरु की सेवा से जो है, विद्या प्राप्ति की जा सकती है, गुरु सुसया विद्या पुष्कले न धने वासवा, प्रचुर धन देकर के जैसे राजा महाराजा जो थे, अपने यहाँ पंडितों को अपने यहां रख लेते थे, और वो उनके बच्चों को पढ़ाते थे, द्रोणाचार्य इत्यादि का उदाहरण है, तलेन ना धनेन न वा अथवा विद्या, विद्या के बदले में विद्या।

एंकर-तो आपने तीसरा तरीका जो है।

शास्त्री जी-आपको एक भाषा आती है,मुझे दूसरी आती है, मुझे आप सीखा दीजिए वो, उनको इस तरह से मैंने उनसे ग्रीक सीखी और ग्रीक सीखी और सिखने के बाद मैंने वो, जो पेराग्राफ उन्होंने ग्रीक में लिखे थे, और ग्रीक लिपि में लिखे थे, उनका भी मैंने हिंदी में अनुवाद कर दिया।

एंकर-बहुत सुंदर।

शास्त्री जी-734 पृष्ठ का वो अनुवाद का ग्रंथ है,वो मेरा कितना विशाल कार्य मैकडोनल ने किया था, मैं तो उस सन्दर्भ मैं कह रहा हूँ कि,पश्चिम के लोगों ने कितना काम किया,अध्ययन किया, तो वहां संस्कृत के प्रति बहुत लगन है, और वहां की भाषाओं में यूरोप के भाषाओं में बहुत से शब्द इस तरह के है,जो कि संस्कृत से मिलते जुलते है। तो उन्हीं को लक्ष्य में रखकर के वहां के लोगों ने कहा कि, ये संस्कृत एक और जो ये यूरोपियन अन्य भाषा है,एक ही परिवार की भाषा है,इसलिए उन्होंने इंडो यूरोपियन फैमली ऑफ लेंग्वेज इसकी कल्पना की,और तब एक नया विज्ञान,एक नई साइंस उदयन हुआ,वो था,द साइंस ऑफकॉम्पेरेबिलिटी ग्राइस्टिक। राजा भोज के बारे में प्रसिद्ध है कि,जो भी पद्य की रचना करके उनके पास जाता था,उनको पसंद आता था,तो वो एक एक लाख रुपया, उसको एक एक अक्षर पर देते थे,तो उसमें चार ब्राह्मण एकत्रित हुए,बेचारे बहुत दरिद्र थे,खाने पीने को भी नहीं था,इसमें भोज प्रबंध नाम का एक काव्य है,उसमें एक कथाएं, इस तरह की बहुत सी कथाएं हैं,इस तरह की वहां भी है,तो बेचारों ने सोचा की अब तो हम बहुत ही दरिद्र हो गए है,भूखो मर रहे हैं,अब राजा जो पद्य रचना करता है,उसी को ही पुरुस्कृत करते है,लेते है, तो हमें भी कोई पद्य रचना करनी चाहिए। अब लगे बिचारे, वो वैदिक पंडित थे। वेद के वो विद्वान थे,तो उन्होंने कहा,अच्छा जी ठीक है। उनमें चार में से एक ने एक उसका जो प्राद्य है,पाद्य का तो,उसको उसकी रचना की थी था, भोजनं देहि राजेन्द्र आप भोजन दीजिए।

एंकर-आप मुझे भोजन दीजिए राजा से।

शास्त्री जी-आप मुझे भोजन दीजिए, सजेंद्र राजा से तो, दूसरे ने कहा घृत सूप समन्वितम् जिसमें घी भी हो, और

दाल भी हो। अब तीसरा चरण किसी को सुपुर्द नहीं हो रहा था, सूझ नहीं रहा था, कि क्या बने? सोचा की अब क्या किया जाए? श्लोक तो पूरा करना है, तभी तो कुछ दान दक्षिणा मिलेगी,तो फिर कहा कि, अपने से कुछ बन नहीं रहा है, तो कालिदास के पास जाते है, वो हमारी मदद कर देंगे, तो आधा हमने बना दिया, आधा वो बनाकर दे देंगे, हम कह देंगे, कि पूरा श्लोक सुना देंगे जाकर, कालिदास के पास गए, महाकवि आप हमारी सहायता कीजिए, तो कालिदास ने कहा आपने क्या लिखा साहब? हमने ये लिखा, भोजनं देहि राजेन्द्र, घृत, सूप, समन्वितम्, झट से कालिदास ने कहा, माहिषं, शरद, चंद्र, चंद्रिका, धवलं, भैंस के दूध का दही, जो शरद कालीन चन्द्रमा की चांदनी के समान धवल बनाता है। श्वेत वर्ण का, माहिषं, शरद, चंद्र, चंद्रिका, धवलं। पंडित प्रसन्न हो गए, श्लोक पूरा हुआ, महाराज के पास पहुंच गए तो, महाराज से कहने लगे महाराज हमने एक श्लोक की रचना की है, तो उन्होंने कहा कि, सुनाइए तो सब सुना दिया, प्रसन्न हो गए महाराज, जितनी दक्षिणा देनी थी दे दी उन्होंने, कुछ समय के पश्चात वो पंडित तो चले गए थे, तो कालिदास जी आए उनके पास, महाराज के पास तो, महाराज ने कहा, बहुत अच्छा किया आपने उन दरिद्र ब्राह्मण की सहायता करि।

एंकर-अच्छा वो समझ गए।

शास्त्री जी-महाराज आपको कैसे पता चला? वो जो पद्य का जो उत्तरआर्थ है,उसने बता दिया ये जो था, भोजनं, देहि, राजेन्द्र, घृत, सूप, समन्वितम्, माहिषं, शरद, चंद्र, चंद्रिका, धवलं, दधि। कालिदास की रचना है। उससे बाणभट्ट के साथ भी यही हुआ, बाणभट्ट की कादम्बरी अपूर्ण रह गई। अब जब उनका अंतिम समय जब आने लगा तो, उनके दो पुत्र थे, एक बहिया करण था, एक वो साहित्यिक था,दोनों को उन्होंने अपने पास बुलाया, कहने लगे, सामने एक पेड़ है, दिखाई दे रहा है ना, बिल्कुल सूखा हुआ है तो, इसका वर्णन करो तो, पहले बहिया करण को कहा, बहिया करण ने कहा **सुष्को वृक्षक्षते तिष्ठातयागृहे (45.18)** मेरे सामने एक सूखा पेड़ खड़ा है, तब जो साहित्यिक था, उसकी कहने लगे, भूषणभट्ट उसका नाम था, तुम बताओ, उसका तुम वर्णन करो, **नीरस तरुर विलसति पुरुत: (45.31)** महसूस कीजिएगा, नीरस शब्द का प्रयोग कर रहा है,जिसमें नीरस में भी रस शब्द है,**नीरस तरुर विलसति पुरुत: (45.40-42)** कहा वो ठीक है,मेरी अपूर्ण कादम्बरी को तुम ही पूर्ण करोगे।

एंकर-हां, क्योंकि वो उसमें भाव भाषा में सरसता है वो?

शास्त्री जी-हां, जो भाषा में सरसता है,सरसता, सरस, सरस ही रहता है, देखिए ये एक हम कहते है, कि साक्क्षरों विपरीत तस्ये ज राक्षसों भवति ध्रुवम्, जो साक्षर है, यदि ये विपरीत हो जाए, जिसमें ये दूसरा भाव है, यदि साक्षर व्यक्ति जो पढ़ा लिखा व्यक्ति है, यदि उसकी बुद्धि विपरीत हो जाए,तो क्या हो सकता है? वो राक्षस बन जाता है।

एंकर-वो राक्षस बन जाता है।

शास्त्री जी-वो सब तो थे,लेकिन साक्क्षरों विपरीत तस्ये, **राक्षसों भवते ध्रुवम् सरसो,विपरीत तस्ये सरसो भवं** जो सरस को आप विपरीत करके पढ़िए, जैसे साक्षर को उल्टा करके पढ़िए, साक्षर और राक्षस, सरस को विपरीत करके पढ़िए, पलट के पढ़िए, सरस और फिर सरस।

एंकर-वैज्ञानिक रूप से भी संस्कृत एक बहुत ही परफेक्ट लेंग्वेज है, और एक बहुत ही आइडियल लेंग्वेज है, सुपर कंप्यूटर में भी जो है वो, संस्कृत के उपयोग की बात की जा रही है, और जो संस्कृत साहित्य है, वो भी बौद्धिक रूप से, और सांस्कृतिक रूप से,बहुत रीच है। और इसका प्रभाव जो है,वो सारे विश्व में पड़ा है तो,क्या विश्व की एकता के लिए संस्कृत एक सूत्र धार नहीं हो सकते?

शास्त्री जी-संस्कृत के माध्यम से हम विश्व में एकता का प्रयास कर सकते है, क्योंकि भाषा एक बहुत बड़ा प्रबल साधन है, और जब हम देखते है कि, हमारे ही शब्दों का प्रयोग हो रहा है वहां तो, कितनी निकटता आ जाती है, तो ये है। मैं एक बार कुआलालम्पुर जा रहा था बाई ट्रैन, मैंने यात्रा की थी, तो उसमें जाने से पूर्व मेरे एक मित्र ने कहा कि, आप जा रहे है वहां अपरिचित देश है, तो मेरे एक मित्र वहां है, यदि कोई आवश्यकता पड़े, सहायता यदि आपको लेनी पड़े तो, मैं उसका नाम और पता एक कागज पर लिखकर आपको दे देता हूँ, तो आप उससे सम्पर्क कर लीजिएगा। मैं जिस ट्रैन में यात्रा कर रहा था तो,उस ट्रैन के कंडक्टर को मैंने वो कागज दिखाया, उस पर लिखा था, उत्तर अलोंग, उस व्यक्ति का नाम, और उत्तर अलोंग तो, अब मैं ये जानना चाहता था कि, उत्तर अलोंग जो है, वो किसी लोकेल्टी का नाम है, या किसी सड़क का नाम है, ये क्या है? तो मैंने उससे कहा कि, उत्तर अलोंम क्या है? तो देखकर कहा उत्तर इज मलेशियन वर्ड विथ मीन नॉद।

एंकर-अच्छा इतना हम वहां पर।

शास्त्री जी-उत्तर इज मुझे बता रहा है,ये समझकर के कि शायद उत्तर शब्द को मैं नहीं जानता हूंगा, उत्तर इज ए मलेशियन वर्ड (48.36 से 48.46)

एंकर-सर मिर्ज़ा इस्माइल ने कहा है कि, यदि इस देश की जनता का रोजमर्रा के जीवन से संस्कृत का तलाक हो जाएगा, तो लोगों के जीवन से रौशनी चली जाएगी, भारत में आज भी संस्कृत एक स्पोकन लेंग्वेज के रूप में इस्तेमाल नहीं की जा रही है क्या कारण है?

शास्त्री जी-देखिए हमें एक अवसर था,वो खो दिया,जब हमारा संविधान बन रहा था तो, उस समय ये बात आई थी कि, संस्कृत को वो राष्ट्र भाषा बना देनी चाहिए।

एंकर-राष्ट्र भाषा बना देनी चाहिए।

शास्त्री जी-तो उस समय अगर बना दिया गया होता तो,बहुत सारी जो समस्याएं बाद में पैदा हुई, वो नो पैदा होती, क्योंकि संस्कृत सभी को स्वीकार्य है,क्योंकि सभी में संस्कृत की शब्दावली,क्योंकि संस्कृत की यही तो विशेषता है।

एंकर-तो वो सबसे ज्यादा एक्सेप्टेबल सबसे ज्यादा होती है।

शास्त्री जी-वही तो शब्दों का प्रयोग कर रहे है।

एंकर-तो आज कल संस्कृत को थोड़ा सा मुश्किल माना जाता है तो,उसके सरलीकरण के उपर बात देखि जा रही है,सरल बनाया जाए,इसे तो इससे कुछ लोग ज्यादा।

शास्त्री जी-यह एक धारणा की बात है,ये लोग यानी जर्मन सिख सकते है,वो मुश्किल नहीं है, लेकिन हमारे यहां ये रूप है, भवति, भवता, भवन्ति, इत्यादि, वो उनको सीखना पड़ जाए तो, वो उनको कठिन लगता है, वहां पर त्रिंक, त्रिनकेश, त्रिनकन, वो उनको कठिन नहीं लगेंगा, वो उसको अपनाएंगे, वो ठीक है, सिख लेंगे, लेकिन संस्कृत की जब बात आती है तो ये कठिन है,ये सब बातें कहने लग जाते है।

एंकर-तो संस्कृत को सरल नहीं बनाया जाना चाहिए, जो उसका मूल रूप है, उसी में ही उसको एडजेस्ट

शास्त्री जी-नहीं सरल तो ठीक है, आप लेकिन सरल जहां तक हो सके, मेरा सुझाव है, पहले बच्चे को उन शब्दों से परिचित करवाना चाहिए,संस्कृत के जो की संस्कृत बोला करे, हमारे पिताजी एक परिहास में कहा करते थे कि, यदि हम ये कहे कि गाय जंगल में घास खा रही है, तो हम इस तरह से भी कह सकते है कि गऊ जंगलें घासन खादति। ये भी संस्कृत है, तो इसके लिए अब मैं पानी पिता हूँ, अहम् पानियम पिबामी, पानी ये शब्द है, तो बच्चा ये देखता है कि,

मैं तो अपने हिंदी में भी इस शब्द का प्रयोग कर रहा हूं, और यह ही संस्कृत है, पिबामी पीता हूं।

एंकर–कोई बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।

शास्त्री जी–पहले उन शब्दों को पहले हमें वारि सिखाने लगते है,बच्चों को, क्योंकि वारि, वारिनि, वारिनि, वो शब्द अभी नहीं, जब कुछ और सिख जाए, प्रगति कर जाए, तो उसके बाद और अन्य शब्द भी, वो सीखे, फिर उनके रूप चढ़ाना भी सीखे, तो पहले वो अपने मातृभाषा में जो संस्कृत पूरक शब्द हैं, प्रयुक्त हो रहे है, उन शब्दों से पहले परिचय करवाना चाहिए, पहले उनके विभक्तियों के साथ उनका प्रयोग क्रिया पद के रूप में, उनका प्रयोग वो सिख जाएगा, इसी तरह से भाषा सीखी भी जा सकती है।

एंकर–संस्कृत को क्या हम भविष्य की भाषा के रूप में देखते है?

शास्त्री जी–मुझे लगता है कि, अभी भी देर नहीं है, जब हम लोगों में ये भावना जगेगी कि, हमने अपनी अस्मिता को पुनःजीवित करना है तो, हम संस्कृत को वो विशाल ज्ञान का भंडार है,वो संस्कृत में है, संस्कृत में क्या नहीं है? ज्ञान विज्ञान है, संस्कृत ये जो हमारे सारे ग्रंथ है, जो हमारे एस्ट्रोनॉमी के, एस्ट्रोलॉजी के, मेथेमेटिक्स के, फिजिकल साइंसेस के, एग्रीकल्चर साइंस के, ऊपर हमारे जो ग्रंथ है, कृषि शास्त्र है, कृषि पराशर है, और गार्डनिंग पर है, आर्किटेक्चर पर है, जब इतने बड़े-बड़े नगर होते थे। हमारे लाखो की संख्या में तो उनके लिए सारी व्यवस्था होती थी,पानी की भी सीवरेज की भी, तो सब वो व्यवस्था थी ना, तो ये सब हमारे ग्रंथ जो थे, तो उनके अध्ययन की आवश्यकता है, हमें अपने आपको तो पहचाने, विदेशों की और तो हम उन्मुख होते है, वहां का सब ज्ञान विज्ञान सीखते है, तो अपने पास तो भंडार पड़ा है, एरोनॉटिक्स पर 7 ग्रंथों का मैंने पता लगाया था, मैंने अपनी जो संस्कृत कमीशन की जो रिपोर्ट दी है तो, उसमें मैंने 7 ग्रंथों का उल्लेख किया है।

एंकर–प्र हमारे यहाँ तो पुष्पक विमान की बात उस समय होती थी।

शास्त्री जी–पुष्पक विमान तो था ही,उसके अतिरिक्त जो हमारे यहां वैमानिक शास्त्र द साइंस ऑफएरोनॉटिक्स पर ग्रंथ है, हम अपने आपको पहचाने। जैसे भगवान बुद्ध ने कहा था, हम संस्कृत से समाप्ति भी करेंगे, जब उनका अंतिम समय आने लगा तो उनके सब शिष्य उनके चारो और एकत्रित हो गए, और उनकी आँखे भरी हुई थीं, भगवान बुद्ध ने देखा, उनकी और देखा कि वो बहुत दुखी है, तब कहने लगे कि आप क्यों दुखी है? तो उनके एक शिष्य आंनद थे, जो उनके बहुत प्रिय शिष्य थे, तो उन्होंने कहा भगवान आप विदा ले रहे है, आप हमारे लिए दीपक थे, आपसे हमें प्रकाश मिलता था, अब आप जा रहे हैं, तब भगवान बुद्ध ने कहा, अतति पाहोतह अतति पाहोतह आत्म दीपा भवत। अपने लिए स्वयं दीपक बन जाइए, आपको बाहर से प्रकाश लेने की।

एंकर–आवश्यकता नहीं है, प्रकाश तो आपके भीतर है, आपके अंदर है, अपने आपको देखिए, अपने आपको पहचानिए।

शास्त्री जी–अपने आपको पहचानिए और यही उनके अंतिम शब्द थे।

एंकर–तो शास्त्री जी आपने हमें इतनी अच्छी आपसे हमारी बातचीत हुई, इतनी उपयोगी थी, इतनी नेरेसिंग थी,आप हमारे इस प्रोग्राम में आए, इसके लिए आपको बहुत बहुत धन्यवाद,

शास्त्री जी–मुझे भी बहुत अच्छा लगा

एंकर–वेदों में इस प्रकार के वाक्य मिलते है,जैसे मैंने मनुष्यों को कल्याणकारी वाणी दी संस्कृत में विश्व का कल्याण है, शांति है, सहयोग है, वसुधैव कुटुम्बकम की भावना है,संस्कृत एक विश्वव्यापी भाषा

भी है, दुनिया के साथ जुड़ाव के रूप में केवल संस्कृत ही है, जो एकता स्थापित कर सकती है,वह एकता का मंत्र है, मंत्र फॉर यूनिटीएक।

UserID: PADMA 202110716

Shsrst$ Chsndr5

Jnanpith Laureate

Mahamahopadhyaya Vidyavachaspati Vidyamartanda

Prof. Dr. Satya Vrat Shastri

Recipient of Padma Bhushan, Padma Shri & President of India Certificate of Honour
Honorary Professor, Special Centre for Sanskrit Studies
Jawaharlal Nehru University
Formerly Professor and Head, Department of Sanskrit
University of Delhi
Ex-Vice-Chancellor,
Shri Jagannath Sanskrit University, Puri (Orissa)

Res. : C-248, Defence Colony,
New Delhi - 110 024
E-mail : satyavratshastri@airtelmail.in
Website : satyavrat-shastri.net
Ph. : 24336644, 24336631
Mobile : 96501 17463

अभिनन्दनम्

सुप्रथितयशसां कविसहृदयानां डा० रमाकान्तशुक्लमहाभागानां हीरकजयन्त्यवसरे हीरकजयन्त्यभिनन्दनग्रन्थो हीरक-प्रसूनमिति नामधेयः प्रकाश्यत इति परमो मे प्रमोदः। 'अर्वाचीनसंस्कृत' पत्रिकामाध्यमेन नानादशकान्तेभिः समेधितं संस्कृतवाङ्मयम्। विरचितान्येभिर्नाना संस्कृतमहाकाव्यानि। गीतं च नैकशो मधुरकण्ठेन 'भाति मे भारतमि'ति काव्यं प्रवाहिता येन सहृदयहृदयेषु रसझरी। कविगोष्ठीष्वेषामुपस्थितिरुत्सव इव। यावज्जीवमेभिः समुपासिता भगवती वाग्देवी। संस्कृतजगति हीरकायमाणा इमे पुरुषायुषं लभन्तां शरदश्च हस्तावचेयमिति प्रार्थयेऽहं भगवन्तं शङ्करं लोकशङ्करम्।

सुरसरस्वतीसमाराधनैकव्रतः
सत्यव्रतः शास्त्री

नवरात्र चतुर्थी
१६.१०.२०१५

A glimpse is provided here of the life and works of the great personality going by the name of Satya Vrat Shastri who strides the India's literary scene like a giant. Described as a 'living legend in the field of Sanskrit' by the President of the Silpakorn University, Bangkok [at the time of the conferment of the Honorary Doctorate] he has taken up enrichment of knowledge as mission. Though a family man he is a recluse at heart, though cold to worldly objects he is warm in behaviour, though in ripe old age, he is like a youngman bubbling with enthusiasm. The pen he took up at the young age of eleven plus is moving with the same speed with which it did at that age producing newer and newer works. Writer of more than forty big volumes he is engaged now in producing multi-volume work on the Rāmāyaṇa in Southeast Asia.

There is no stagnation for him. He is to move on and on चरैवेति चरैवेति — How aptly he describes his life at the end of the second volume of his autobiography:

Strange are the ways of Destiny. When a son was born to Prof. Charu Deva Shastri seven years after the birth of his daughter, he wanted him to fashion him into a great Sanskrit grammarian like himself. Great grammarian the son did turn out but in addition to that he turned out to be a great poet in Sanskrit introducing new and hitherto not practised genres in the ancient literature, a cultural explorer visiting a country after country round the globe, interpreting old texts. His eventful life is an inspiration to the younger generation. The present is an attempt

आम्रपाली-एक परिचय

[illegible]त शास्त्री

डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्रा ने संस्कृत, हिन्दी और भोजपुरी इन तीनों भाषाओं में लिखा है। इन तीनों पर उनका समान अधिकार था। अनुवाद कार्य में भी उनकी बहुत दक्षता थी। इसका प्रत्यक्ष अनुभव मुझे है। उन्होंने मेरे 25 सर्गों के संस्कृत महाकाव्य श्रीरामकीर्तिमहाकाव्यम् का हिन्दी पद्यानुवाद किया। उस अनुवाद की लोकप्रियता इसी से सिद्ध है कि पूरा का पूरा उसका संस्करण समाप्त हो चुका है। संस्कृत में काव्य और गद्य लेखन के साथ-साथ उन्होंने नाट्यलेखन भी किया है। आम्रपाली नाम की उनकी एक सुप्रसिद्ध नाट्यकृति का परिचय यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्रा की संस्कृत रचनाओं में एक है पाँच अङ्कों की नाट्यकृति आम्रपाली। इसमें लिच्छवि गणराज्य के एक श्रेष्ठी की अनिन्द्यसुन्दरी आम्रपाली नाम की कन्या का बौद्धधर्म में दीक्षित होने का वर्णन है। इसके पूर्व कथानक में कई तरह के मोड़ आते हैं जिन्होंने इसे आकर्षक एवं रुचिकर बना दिया है।

नाट्यकर्त्री ने इसे नाटिका की सञ्ज्ञा दी है जोकि सम्भवत: इसके लघु कलेवर के कारण ही है। नाटिका की परिभाषा के अनुसार इसमें चार अङ्क होने चाहियें-

नाटिका क्लृसवृत्ता स्यात् स्त्रीप्राया चतुरङ्किका।

नाटिका की कथावस्तु कल्पित होती है, क्लृप्तवृत्ता, स्त्री पात्रों की इसमें अधिकता रहती है, स्त्रीप्राया और चार अङ्क इसमें होते हैं चतुरङ्किका, प्रख्यात धीर-ललित राजा इसमें नायक होता है। लक्षण का यह अंश प्रस्तुत नाट्यकृति में चरितार्थ है। इसका नायक मगधवंश का सुप्रसिद्ध सम्राट् अजातशत्रु है। नायिका का स्वरूप काव्यशास्त्रीय लक्षण के अनुरूप नहीं है। उसके अनुसार उसे 'नृपवंशजा', राजवंश में उत्पन्न अर्थात् राजकुमारी होना चाहिए जो कि आम्रपाली नहीं है। वह नगर श्रेष्ठी ब्रह्मदत्त की पुत्री है। इसका समाधान इस प्रकार से किया जा सकता है कि लिच्छवि गणराज्य था, वहां गणों का मिला-जुला राज्य था। इस दृष्टि से नगर श्रेष्ठी भी शासक की कोटि में आ सकता था।

परन्तु नवानुरागा रूप लक्षणांश उसके नायिका होने को सन्देह में डाल देता है। नवानुरागा से आशय है उसका जो पहली बार किसी के प्रति आसक्त हो जोकि आम्रपाली नहीं है। पञ्चम अङ्क में उसका अजातशत्रु के पिता बिम्बिसार के साथ सम्बन्ध दर्शाया गया है। यह नाट्यकृति स्त्रीप्राया भी नहीं है। इसमें मात्र तीन स्त्री पात्र हैं-स्वयम् आम्रपाली और उसकी दो सखियां कञ्चना और

A glimpse is provided here of the life and works of the great personality going by the name Satya Vrat Shastri who strides the India's literary scene like a giant. Described as a 'living legend in the field of Sanskrit' by the President of the Silpakorn University, Bangkok [at the time of the conferment of the Honorary Doctorate] he has taken up enrichment of knowledge as mission. Though a family man he is a recluse at heart, though cold to worldly objects he is warm in behaviour, though in ripe old age, he is like a young man bubbling with enthusiasm. The pen he took up at the young age of eleven plus is moving with the same speed with which it did at that age producing newer and newer works. Writer of more than forty big volumes he is engaged now in producing multi-volume work on the Rāmāyaṇa in Southeast Asia.

There is no stagnation for him. He is to move on and on चरैवेति चरैवेति— How aptly he describes his life at the end of the second volume of his autobiography:

Strange are the ways of Destiny. When a son was born to Prof. Charu Deva Shastri seven years after the birth of his daughter, he wanted him to fashion him into a great [Sanskrit] grammarian like himself. Great grammarian the son did turn out, but in addition to that he turned out to be a great poet in Sanskrit introducing new hitherto not practised genres in the ancient literature, a cultural explorer visiting a country after country round the globe, interpreting old texts. His eventful life is an inspiration to the younger generation. The present is an attempt

to have a glimpse of it.

आम्रपाली-एक परिचय

[illegible]व्रत शास्त्री

डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्रा ने संस्कृत, हिन्दी और भोजपुरी इन तीनों भाषाओं में लिखा है। इन तीनों पर उनका समान अधिकार था। अनुवाद कार्य में भी उनकी बहुत दक्षता थी। इसका प्रत्यक्ष अनुभव मुझे है। उन्होंने मेरे 25 सर्गों के संस्कृत महाकाव्य श्रीरामकीर्तिमहाकाव्यम् का हिन्दी पद्यानुवाद किया। उस अनुवाद की लोकप्रियता इसी से सिद्ध है कि पूरा का पूरा उसका संस्करण समाप्त हो चुका है। संस्कृत में काव्य और गद्य लेखन के साथ-साथ उन्होंने नाट्यलेखन भी किया है। आम्रपाली नाम की उनकी एक सुप्रसिद्ध नाट्यकृति का परिचय यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्रा की संस्कृत रचनाओं में एक है पाँच अङ्कों की नाट्यकृति आम्रपाली। इसमें लिच्छवि गणराज्य के एक श्रेष्ठी की अनिन्द्यसुन्दरी आम्रपाली नाम की कन्या का बौद्धधर्म में दीक्षित होने का वर्णन है। इसके पूर्व कथानक में कई तरह के मोड़ आते हैं जिन्होंने इसे आकर्षक एवं रुचिकर बना दिया है।

नाट्यकर्त्री ने इसे नाटिका की सञ्ज्ञा दी है जोकि सम्भवतः इसके लघु कलेवर के कारण ही है। नाटिका की परिभाषा के अनुसार इसमें चार अङ्क होने चाहियें-

नाटिका क्लृसवृत्ता स्यात् स्त्रीप्राया चतुरङ्किका।

नाटिका की कथावस्तु कल्पित होती है, क्लृप्तवृत्ता, स्त्री पात्रों की इसमें अधिकता रहती है, स्त्रीप्राया और चार अङ्क इसमें होते हैं चतुरङ्किका, प्रख्यात धीर-ललित राजा इसमें नायक होता है। लक्षण का यह अंश प्रस्तुत नाट्यकृति में चरितार्थ है। इसका नायक मगधवंश का सुप्रसिद्ध सम्राट् अजातशत्रु है। नायिका का स्वरूप काव्यशास्त्रीय लक्षण के अनुरूप नहीं है। उसके अनुसार उसे 'नृपवंशजा', राजवंश में उत्पन्न अर्थात् राजकुमारी होना चाहिए जो कि आम्रपाली नहीं है। वह नगर श्रेष्ठी ब्रह्मदत्त की पुत्री है। इसका समाधान इस प्रकार से किया जा सकता है कि लिच्छवि गणराज्य था, वहां गणों का मिला-जुला राज्य था। इस दृष्टि से नगर श्रेष्ठी भी शासक की कोटि में आ सकता था।

परन्तु नवानुरागा रूप लक्षणांश उसके नायिका होने को सन्देह में डाल देता है। नवानुरागा से आशय है उसका जो पहली बार किसी के प्रति आसक्त हो जोकि आम्रपाली नहीं है। पञ्चम अङ्क में उसका अजातशत्रु के पिता बिम्बिसार के साथ सम्बन्ध दर्शाया गया है। यह नाट्यकृति स्त्रीप्राया भी नहीं है। इसमें मात्र तीन स्त्री पात्र हैं-स्वयम् आम्रपाली और उसकी दो सखियां कञ्चना और

A g

work

& a

s e

h

time of
ferment-
tion or my
torate/

h

and younger generation

वसुमती जबकि पुरुष पात्रों की संख्या छः है-मगधसम्राट् अजातशत्रु, उनके सेनापति सौवीर, लिच्छवि गणराज्य के महामात्य वीरभद्र, बौद्धभिक्षु भदन्त और आनन्द और अन्त में भगवान् बुद्ध। नाटिका की नायिका के विषय में यह भी कहा गया है कि उसे या तो 'अन्तःपुरसम्बद्धा' होना चाहिये या 'सङ्गीत में रत।' आम्रपाली द्वितीय कोटि, 'सङ्गीतव्यापृता' में आती है। राजोद्यान में उसी के गाने से आकृष्ट होकर मगधसम्राट् अपनी सुधबुध खो बैठता है और लिच्छवि सभा में जहां के लिये उसे निमन्त्रण था स्वयं न जाकर अपने सेनापति सौवीर को भेज देता है।

नाट्यकृति का प्रारम्भ प्रस्तावना में नट द्वारा सूत्रधार को इस सूचना के देने से होता है कि लिच्छवि गणराज्य की राजधानी वैशाली में बहुत हलचल हो रही है । सर्वत्र शोर मचा है। शोर का कारण वैशाली में मगधराज अजातशत्रु का आगमन है। जहां यह सब शोर शराबा है, वहीं उससे बेखबर नगरश्रेष्ठी ब्रह्मदत्त की पुत्री आम्रपाली अपनी सखियों कञ्चना और वसुमती के साथ राजकीय उद्यान में सङ्गीत साधना में निमग्न है। उसी समय मगधराज अजातशत्रु उस उद्यान में प्रवेश करता है। आम्रपाली की स्वर माधुरी उसे बार-बार आकृष्ट करती है। सेनापति सौवीर के यह चेताने पर भी कि उद्यान में पुरुषों का प्रवेश वर्जित है इसलिये उसका वहां से चल देना ही उचित है, वह जाना नहीं चाहता। सौवीर को अपने स्थानापन्न पर के रूप में वह लिच्छवि सभा में उपस्थित होने के लिये भेज देता है और स्वयं वहीं रह जाता है। वहीं उसकी भेंट आम्रपाली से होती है। दोनों ही एक दूसरे के प्रति आकृष्ट हो जाते हैं। दूसरे दिन स्वयंवर है जिसमें आम्रपाली ने अपने लिये वर का चयन करना है। स्वयंवर सभा सजी है। आम्रपाली की दृष्टि उसी को (अजातशत्रु को) ढूंढने में लगी है जिससे उसकी गत दिन भेंट हुई थी। लिच्छवि गणराज्य के महामात्य वीरभद्र एक-एक कर स्वयंवर सभा में उपस्थित राजाओं, राजकुमारों एवञ्च अन्य विशिष्ट जनों के बारे में आम्रपाली को बताते जाते हैं। पर वह किसी में भी रुचि नहीं दिखाती। जिसे वह चाहती है वह दीख नहीं रहा है। तब घोषणा की जाती है कि उपस्थित लोगों में से कोई आम्रपाली का हाथ थामना चाहे तो वह आगे आये। कोई नहीं आता। तब लिच्छवि गणराज्य के संविधान के अनुसार आम्रपाली को नगरवधू बनना पड़ता है। इसी बीच अजातशत्रु वहां आ जाता है। वह आम्रपाली को कहता है कि वह उसे अपना ले। पर वह नहीं मानती। गणराज्य का संविधान उसके लिए सर्वोपरि है। वह नगरवधू बन चुकी है। वह उसे बलात् ले जाना चाहता है। गणराज्य का उसके साथ युद्ध होता है जिसमें वह पराजित होता है।

इसके बाद का दृश्य है, वैशाली के राजमार्ग का जिसमें दो बौद्ध भिक्षु, एक बड़ी उमर का जिसे भदन्त रूप में सम्बोधित किया गया है और दूसरा युवा जिसे आनन्द नाम से सम्बोधित किया गया है, आपस में बातचीत करते दिखाये गये हैं। भदन्त आनन्द को वैशाली में जो जो घटा है बताता है। इस बीच आम्रपाली अपनी सखियों के साथ उधर आ निकलती है। वह उन भिक्षुओं को अपने घर आने को कहती है। भदन्त आनन्द को बताता है कि स्वयंवर के अवसर पर ही कुचेष्टाशील मगधराज अजातशत्रु ने आम्रपाली के अपहरण का मन बना लिया था पर उसके अद्भुत साहस को देखकर भाग खड़ा हुआ। दूसरे दिन इसका प्रयास किया तो घोर युद्ध हुआ जिसमें उसे बन्दी बना लिया गया। उसके बाद जो हुआ उसे न किसी ने न देखा न सुना था। अपने वैरी अजातशत्रु को आम्रपाली ने सेवा-शुश्रूषा द्वारा स्वस्थ कर दिया। आमप्राली भदन्त से कहती है कि वह महात्मा बुद्ध तक उसकी यह प्रार्थना पहुंचा दे कि वह संघ की शरण में आना चाहती है। इस विषय को ले कर आम्रपाली का अपनी सखियों से विवाद भी होता है। वे नहीं चाहतीं कि वह संन्यास ले। पर वह अपने निश्चय पर अडिग रहती है।

वैशाली के राजकीय उद्यान में भिक्षु-समूह उपस्थित है। भगवान बुद्ध भदन्त से पूछते हैं कि क्या आम्रपाली को उनके वैशाली आने की सूचना है। भदन्त बतलाता है कि वह अभी आपसे मिलने वाली है। जब वह आम्रपाली के नाम के साथ नगरवधू शब्द का प्रयोग करता है तो भगवान् बुद्ध कहते है कि वह नगरवधू नहीं है, वह एक आदर्श नारी है। बुद्ध दूर से उसे देख लेते हैं। वह उनकी ओर ही आ रही होती है। वह उनसे दीक्षा लेकर श्रमणी बनना चाहती है। बुद्ध उसे श्रमणमार्ग की कठिनाइयों से अवगत कराते हैं पर उसका निश्चय अटल है। वे उसे दीक्षित कर लेते हैं। वह श्रमणी बन जाती है। उधर अजातशत्रु उससे प्रणय निवेदन करता है। उसके बिना उसका जीवन असम्भव है यह कहता है। पर वह कुछ नहीं सुनना चाहती। वह निराश हो चला जाता है। कुछ समय बाद वह पुन: आता है। वह भी संघ में शामिल होना चाहता है। आम्रपाली के कारण उसका हृदय-परिवर्तन हो जाता है। भगवान् बुद्ध की जय-जयकार करते हुए वह कहता है कि भिक्षुणी आम्रपाली उसकी मार्गदर्शिका है। जिस मार्ग पर वह चल दी है उसी पर उसे भी चलना है। यह कहकर वह भगवान् बुद्ध को प्रणाम कर वहां से चल देता है। भगवान् बुद्ध के चरणों में प्रणाम कर आम्रपाली उनसे कहती है कि वे उसे क्षमा कर दें। प्रायश्चित्त के रूप में ही उसने संघ की शरण में जाने का निर्णय लिया है। वीरभद्र आम्रपाली और वैशाली एवञ्च वहां के संघराज की जय जयकार करता है और भगवान् बुद्ध से प्रार्थना करता है कि वे आम्रपाली को नृत्यगीत द्वारा

A g'

work

me of

rm ent-

country roun

texts. His eventful

his younger generations. The present

उनकी आराधना करने की अनुमति दें। उनकी अनुमति मिलने पर वह एक गीत प्रस्तुत करती है। नेपथ्य से 'बुद्धं शरणं गच्छामि' की ध्वनि सुनाई देती है। इसी के साथी ही पटाक्षेप हो जाता है। और नाट्यकृति का अन्त भी।

नाट्यकृति की नायिका के सङ्गीत निपुण होने के कारण नाट्यकर्त्री को स्थान-स्थान पर सुमधुर गीत प्रस्तुत करने का अवसर मिला है जिनमें एक विशेष प्रकार की झङ्कार है जो हृदय को कहीं गहरे तक छू लेती है। भाषा में प्रवाहमयता के साथ लयात्मकता है-

1. चन्द्रमा राजते तारिकाभिर्युतो
वर्तते सर्वतश्चन्द्रिकाचारुता।
तद्धसन्तीव सा वाटिका वीथिका
यद्वसन्तस्य श्रीरागता स्वागता।। (पृष्ठ २२)

2. रचने रचयसि चित्रविचित्रम्।
गतिमतिबुद्धिविवेकविहारिणि!
भावविभावसुभगविस्तारिणि!
सकलकलाकलनादमयी त्वम्
कथयसि पर्व पवित्रम्
रचने रचयसि चित्रविचित्रम्। (पृष्ठ ३१)

3. मोहविमोहविषादविनाशिनि!
योगवियोगसुयोगनिवासिनि!
दमनशमनभवरोगविमर्दिनि।
अपहर सर्वमनिष्टम्।। (पृष्ठ ३२)

नाट्यकृति के अनेक पद्यों में सरलता भी है और सरसता भी। उदाहरणार्थ-

1. रूपयौवनसम्पन्ना
रसभावसमन्विता।
सर्वतन्त्रा स्वतन्त्रा च
नारी सर्वत्र राजते।। (पृष्ठ ३२)

2. बुद्धं शरणमित्येव-
माम्रपाल्या विकल्पनम्।
तेनैव सुलभा मुक्ति-
रन्यत्र न कदाचन।। (पृष्ठ ३४)

3. रागे नास्ति विकल्पनं न जननं नैवास्ति मृत्युस्तथा
द्रव्यं नास्ति तथाविधं हि सहसा तस्मै न यद् दीयते।
भावा मुग्धकराः सहैव हृदयं माद्यन्ति नित्यं भृशं
संवृत्या चिरमोदमोहकतया नेनीयते सत्पथः।। (पृष्ठ ४८)

नाट्यकृति की रचयित्री ने अपनी कृति में अनेक विचारोत्तेजक संवाद भी प्रस्तुत किये हैं। जिसमें उनका अनेक विषयों पर अपना चिन्तन प्रतिबिम्बित होता है। पहले तृतीय अङ्क में भदन्त-आनन्द एवं कञ्चना -वसुमती-आम्रपाली संवाद का ही लिया जाय। भदन्त के यह कहने पर कि तथागत महात्मा (भगवान् बुद्ध) ने कभी भी किसी नारी को अपना शिष्य नहीं बनाया एवञ्च अपने द्वारा स्थापित विहारों में किसी नारी को आमंत्रित नहीं किया इसलिये नारी को दीक्षा देने का तो प्रश्न ही नहीं उठता, संघ में नारी प्रवेश दुर्लभ है, कञ्चना पूछती है कि किस कारण नारियों का मठों में प्रवेश वर्जित है। इस पर आनन्द का उत्तर है कि तथागत की मान्यता है कि नारी रात्रि के समान अज्ञान मूर्त्ति होने कारण तपश्चर्या में बाधक होती है। उस पर आसक्ति विशेष होने पर श्रेष्ठ से श्रेष्ठ पुरुष भी पथभ्रष्ट हो जाते हैं। इसलिये उनसे दूर रहना (पलायन शब्द का यहां प्रयोग है) ही श्रेयस्कर है यह मान बौद्धविहारों में उनका प्रवेश वर्जित है। इस पर वसुमती का कथन है कि नारी के बिना नर अपूर्ण है। वह करुणामूर्त्ति है। फिर नर और नारी में यह भेदभाव क्यों? इस पर आनन्द का कथन है कि यह लोकविदित तथ्य है कि नारी नर के अपूर्ण जीवन की पूर्णता है पर तथागत प्राय: यह कहते रहते हैं कि नर-नारी से जीवोत्पत्ति होती है। नारी के आकर्षण के कारण नर की स्थिति जाल में फँसे मृग की तरह हो जाती है। इसलिए उनसे दूर ही रहना चाहिए। नारी के साथ रहने पर संसारचक्र चलता रहेगा। सन्तानोत्पत्ति होती रहेगी। संसारचक्र थमेगा कैसे? कञ्चना को इस पर आपत्ति है। तंज सा कसती हुई सी वह कहती है-धन्य है यह मार्ग। आम्रपाली उसकी बात काट बीज में ही कहती है कि भ्रमण साधना-बल से ही अपना जीवन जीते हैं। इससे आगे वह कुछ

कहती नहीं पर उसका आशय यही प्रतीत होता है कि जो भी साधना में बाधक बनेगा श्रमण को उससे दूर रहना है। इसमें नारी भी शामिल है।

इसी विषय को लेकर भदन्त-आनन्द और तथागत बुद्ध में भी चर्चा होती है। आनन्द भगवान् से कहते हैं कि आप आम्रपाली को यदि अनुमति देंगे तो अन्य नारियाँ को भी संघ में प्रवेश की अनुमति देनी पड़ेगी। भगवान् का इस पर कथन है कि जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति ही लक्ष्य है। इसके लिये नर और नारी में कोई भेदभाव नहीं। सभी प्राणियों के प्रति दयाभाव जिसमें है वह मुक्ति पा सकता है। यह गुण आम्रपाली में है। स्वयंवर सभा में जब कोई उसका हाथ थामने आगे नहीं आया तो उसने गणराज्य के संविधान को सर्वोपरि रखते हुए नगरवधू बनना स्वीकार किया। वह लोगों का मनोरञ्जन करती है। यह उसका लोगों के प्रति दयाभाव ही है। चाहती तो वह मगधराज्य की सम्राज्ञी बन सकती थी। राजमहलों का सुख भोग सकती थी। पर उसने यह नहीं किया। अपने सुख की चिन्ता छोड़ उसने संविधान की चिन्ता की। वह सर्वथा अद्वितीया है, वन्दनीया है।

डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्रा की इस नाट्यकृति में अनेक रसों का सम्मिश्रण है। अङ्गीरस इस में शान्त ही है। नाट्यकृति में शान्तरस के औचित्य को लेकर नाट्यकर्त्री स्वयं चिन्तित है। सूत्रधार और नट की इस बारे में चर्चा उसके इस भाव को ही अभिव्यक्त करती है। अपनी चिन्ता का समाधान ही वह इन शब्दों में प्रस्तुत करती हुई दीखती है कि नाट्यकृति का पर्यवसान शान्तरस में है जबकि शृङ्गार, वीर, अद्भुत रसों का निर्वाह भी इसमें किया गया है। इस संदर्भ में वह महाभारत को दृष्टान्त के रूप में उपस्थित करती है जिसका पर्यवसान भी शान्तरस में ही है। लगता है यहां पर अनावश्यक रूप में वह 'डिफैंसिव' है। किञ्च, दृष्टान्त का दार्ष्टान्तिक के साथ साम्य यहां नहीं है। महाभारत नाट्यकृति नहीं है। वह आसानी से प्रबोधचन्द्रोदयादि प्रतीकात्मक नाट्यकृतियों को यहां उदाहरण रूप में प्रस्तुत कर सकती थी।

व्याकरण की दृष्टि से इस कृति में बहुत प्रमाद हैं कतिपय तो बहुत ही स्थूल हैं। इनका परिमार्जन आवश्यक है।

जो भी हो कुल मिलाकर आम्रपाली संस्कृतवाङ्मय की एक उत्कृष्ट कृति है। इसमें अभिनेयता है, गेयता है और सामाजिक हित की दृष्टि से उपादेयता भी।